Cost of Tender Form: Rs- 2950/-(Including GST)
E.M.D. : Rs.80,000/-

# UTTARAKHAND OPEN UNIVERSITY

Behind Transport Nagar, Vishwavidyalay Marg, Teenpani Haldwani, Nainital-263139
Phone No.- 1800 180 4025

## अध्ययन सामग्रियों को प्रेषित करने हेतु सेवा प्रदाता फर्म का चयन सम्बन्धी निविदा

## वर्ष -2024-25

| | |
|---|---|
| Tender Document No. | UOU / MPDD / Service provider for dispatching of Study Material / 2024-25/.1408 |
| Date of Release of Tender | 24./02./2024 |
| Last Date of submission of Bids | 8../03./2024 |
| Date and time of Opening of Technical Bids | 9../03./2024 |
| Place of Opening of Technical Bids | UOU Conference Hall, Haldwani-263139 |
| Date of Opening of Financial Bids | Intimated Later |
| Tender Documents Fees (Including GST) | Rs. 2950.00 |
| Earnest Money to be Deposit (EMD) | Rs. 80,000.00 |

नोट : -

- निविदा फार्म का मूल्य Rs 2950 (रु0 - दो हजार नौ सौ पचास मात्र) एवं धरोहर राशि (EMD) Rs 80,000.00 (रु0- अस्सी हजार मात्र) विश्वविद्यालय के खाते में ऑनलाईन जमा कर ट्रांजेक्शन नम्बर एवं दिनांक विवरण तकनीकी बिड में अपलोड करनी आवश्यक है।
- निविदादाताओं से अनुरोध है कि वे अपलोड किये गये टेंडर फार्म के दस्तावेजों की एक प्रति अपने पास रिकार्ड के लिए अवश्य सुरक्षित रखें।

## अध्ययन सामग्रियों को प्रेषित करने हेतु सेवा प्रदाता फर्म का चयन सम्बन्धी निविदा

## वर्ष -2024-25

## शर्तें एवं प्रारूप

दिनांक 23/02..2024

1. उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय की अध्ययन सामग्री, पत्र , पार्सल आदि को विभिन्न अध्ययन केन्द्रों / क्षेत्रीय केन्द्रों आदि स्थानों में भेजने के लिए **सेवा प्रदाता फर्म के चयन हेतु** निविदा आमंत्रित की जाती है।
2. एक वर्ष में लगभग बीस हजार कुन्तल अध्ययन सामग्री को उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के विभिन्न अध्ययन केन्द्रों / क्षेत्रीय केन्द्रों / अन्य स्थानों में भेजा जाना प्रस्तावित है।
3. निविदा फार्म का मूल्य Rs 2950.00 (दो हजार नौ सौ पचास मात्र) है, विश्वविद्यालय के खाते में ऑनलाईन जमा कर ट्रांजेक्शन नम्बर एवं दिनांक विवरण तकनीकी बिड में अपलोड करनी आवश्यक है , बिना रसीद अपलोड के निविदा को स्वीकार नहीं किया जायेगा।
4. धरोहर राशि (EMD) Rs 80,000.00 (अस्सी हजार मात्र) मात्र है विश्वविद्यालय के खाते में ऑनलाईन जमा कर ट्रांजेक्शन नम्बर एवं दिनांक विवरण तकनीकी बिड में अपलोड करनी आवश्यक है , बिना रसीद अपलोड के निविदा को स्वीकार नहीं किया जायेगा।

**Bank Detail:-**

Uttarakhand Open University, Haldwani
Bank A/c No. - 00000030617837388
IFSC Code – SBIN0005100

5. जिस फर्म की निविदायें अस्वीकृत हो जायेगी उससे सम्बन्धित धरोहर राशि एक माह के भीतर संबंधित फर्म को वापस कर दी जायेगी।
6. निविदा की निर्धारित अंतिम तिथि दिनांक .24../.02../2024 समय अपरान्ह 2.00 बजे तक वेबसाइट : http://uktenders.gov.in में अपलोड करना आवश्यक है।
7. निविदा दिनांक .09../.03./2024 समय पूर्वाह्न 11.00 बजे खोली जायेगी। यदि किसी कारणवश उक्त दिवस को अवकाश घोषित होता है तो उस स्थिति में अगले कार्य दिवस में निविदायें खोली जायेंगी।
8. अपूर्ण एवं सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
9. फर्म द्वारा उपलब्ध करायी गयी दरें अनुबंध की तिथि से एक वर्ष तक के लिए मान्य होगी।

10. फर्म के मध्य अनुबन्ध सामान्यत: एक वर्ष की अवधि हेतु प्रभावी होगा, परन्तु विश्वविद्यालय द्वारा आपसी सहमति के आधार पर अनुबंध की अवधि को विस्तारित भी किया जा सकता है किन्तु अनुबंध की दरों एवं शर्तों में कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा।

11. चयनित फार्म को जॉब सिक्योरिटी हेतु Rs. 200000.00 (रू.दो लाख मात्र) वित्त नियंत्रक उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय हल्द्वानी के नाम Online Fund Transfer / Fixed Deposit के माध्यम से अनुबंध करते समय जमा करना होगा।

12. उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय ( प्रथम पक्ष ) के माध्यम से विभिन्न व्यक्तियों, संस्थाओं एवं अन्य जगहों, जो पत्र/पार्सल / अध्ययन सामग्री या अन्य कोई वस्तु प्रेषण हेतु प्राप्त होती है को सेवा प्रदाता ( द्वितीय पक्ष ) द्वारा प्राप्त किये जाने की तिथि से एक सप्ताह ( कार्यालय दिवस ) के भीतर बताये गये गंतव्य स्थल पर प्राप्त करवा दिया जाना सुनिश्चित करना होगा।

13. नियत समय सीमा के पश्चात से एक सप्ताह तक वितरित की गई सामग्रियों पर 2% तथा तद्परांत वितरित की गई सामग्रियों पर 5% कटौती कर बीजकों का भुगतान किया जायेगा।

14. यह कि द्वितीय पक्ष द्वारा गंतव्य तक अध्ययन सामग्री नहीं पहुँचा पाने की दशा में अप्राप्त अध्ययन सामग्री को विश्वविद्यालय तक वापस लाने की व्यवस्था अपने व्यय से करनी होगी। इस कार्य के लिए किसी प्रकार का भुगतान देय नहीं होगा।

15. भेजी गई अध्ययन सामग्री यदि किसी कारणवश प्राप्तकर्ता तक नहीं पहुँचती है और न ही विश्वविद्यालय को वापस मिलती है तो ऐसी स्थिति में अध्ययन सामग्री के कुल मूल्य के बराबर की राशि जो प्रोग्राम फीस का बीस प्रतिशत तक होगी अथवा जो जुर्माना विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित किया जाएगा, जो भी अधिक हो द्वितीय पक्ष के द्वारा प्रथम पक्ष को अदा किया जाएगा।

16. द्वितीय पक्ष यदि अनुबंध के बिन्दुओं में किसी एक अथवा अनेक शर्तों का पालन कहीं करता अथवा भेजी गई सामग्रियाँ बार-बार समय से गंतव्य पर नहीं पहुँचा पाता है तो वह अनुबंध की शर्तें भंग करने का दोषी होगा तथा इस स्थिति में : -

    - द्वितीय पक्ष का अनुबंध समाप्त किया जा सकता है।
    - अथवा विश्वविद्यालय के विवेक पर पॉच प्रतिशत जुर्माना लगाया जा सकता है जो द्वितीय पक्ष को जमा करना होगा अथवा सेवा प्रदाता फर्म द्वारा जमा की गयी जमानत राशि से बिना किसी सूचना के जुर्माना राशि को समायोजित किया जा सकता है।
    - तथा फर्म का नाम अपात्र (Black-List) में डाला जा सकता है।
    - त्रुटिपूर्ण डिलीवरी होने पर पुन: डिलीवरी करनी आवश्यक होगी तथा इसका व्यय-भार का सम्पूर्ण दायित्व सम्बन्धित फर्म का होगा एवं प्रशासन द्वारा तद्नुसार निर्णय लिया जायेगा।

17. सेवा प्रदाता फर्म, (द्वितीय पक्ष) द्वारा ही अपने नियोजित कार्मिकों का वेतन , बीमा, फंड आदि के भुगतान का पूर्ण उत्तर-दायित्व द्वितीय पक्ष का होगा । इस में विश्वविद्यालय से किसी प्रकार की देयता नहीं होगी।

18. द्वितीय पक्ष द्वारा नियोजित यदि कोई कार्मिक विश्वविध्यालय के हितों के विपरीत कार्य करता है या उसके कृत्यों से विश्वविद्यालय को क्षति पहुँचती है तो प्रथम पक्ष द्वारा निर्देशित करने पर उस व्यक्ति को विश्वविद्यालय से सम्बन्धित कार्यों से अविलम्ब विरत करते हुए तुरन्त नई व्यवस्था द्वितीय पक्ष द्वारा सुनिश्चित की जानी होगी।

19. निविदादाता द्वारा तकनीकी बिड एवं वित्तीय बिड को वेबसाइट : **"http://uktenders.gov.in"** में अपलोड करना आवश्यक है।

20. तकनीकी बिड में अपेक्षित दस्तावेज एवं विश्वविद्यालय के भुगतान (पेमेंट) रसीद क्रमवार लगाकर अपलोड करना आवश्यक है अन्यथा निविदा पर विचार किया जाना सम्भव नहीं होगा।

21. अध्ययन सामग्री प्रेषण हेतु सेवा प्रदाता फर्मों का न्यूनतम दर के आधार पर सूचीकरण किया जायेगा । जो भी L-1, L-2 फर्में न्यूनतम दर L-1पर कार्य करने की इच्छुक होगीं, उनको पृथक से न्यूनतम दर L-1 पर कार्य करने हेतु अपना लिखित अभिकथन समिति को प्रस्तुत करना होगा । अध्ययन सामग्री प्रेषण हेतु सेवा प्रदाता फर्मों का पैनल आवश्यक्तानुसार बढाया-घटाया जा सकता है। L-1 सेवा प्रदाता फर्म किन्हीं अपरिहार्य कारणों से कार्य करने में सक्षम नहीं हो पाती है तो उस स्थिति में L-2 सेवा प्रदाता को L-1 दरों पर कार्य करने हेतु आमंत्रण दिया जा सकता है।

22. जिस भी फर्म के साथ अनुबंध किया जायेगा उसके द्वारा निविदा को वापस लेने अथवा निविदा की शर्तों के उल्लंघन करने की दशा में विश्वविद्यालय के पक्ष में रखी गयी। जॉब सिक्योरिटी राशि को जब्त कर लिया जायेगा, जिस पर किसी भी प्रकार का कोई दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।

23. सेवा प्रदाता फर्म द्वारा संबधित अध्ययन सामग्रियां विश्वविध्यालय के एम.पी.डी.डी. अनुभाग के गोदाम से स्वयं के व्यय पर ले जानी होगी तथा निर्धारित स्थान पर डिलीवर करनी होगी।

24. फर्म का यह भी दायित्व होगा कि वह एम.पी.डी.डी. अनुभाग से अध्ययन सामग्री प्राप्त करने के एक सप्ताह के अन्तर्गत आने वाले कार्यालय दिवसों के भीतर गन्तव्य स्थान पर अध्ययन सामग्री की प्राप्ति सुनिश्चित करायेगा और उसकी प्राप्ति रसीद मुहर सहित विश्वविद्यालय के एम.पी.डी.डी. अनुभाग में बीजक के साथ प्रस्तुत करेगा।

25. यह कि द्वितीय पक्ष सड़क रास्ता बंद, भूकंप आग, अतिवृष्टि या अन्य किसी दैविक आपदा, जिससे प्रथम पक्ष सहमत / संतुष्ट हो, के अतिरिक्त विलम्ब से अध्ययन सामग्री पहुँचाने की दशा में जुर्माने का पात्र होगा।

26. सेवा प्रदाता फर्म को कार्यादेश जारी होने के उपरान्त भविष्य में किसी भी प्रकार की सेवाओं में कमी अथवा किसी भी प्रकार की शिकायत पाये जाने पर फर्म को उसका त्वरित समाधान करना होगा अन्यथा की स्थिति में विश्वविद्यालय को यह पूर्ण अधिकार होगा कि वह फर्म पर विधिसम्मत

कार्यवाही जैसे- धरोहर राशि जब्तीकरण, अन्य जुर्माना अथवा अपात्र सूची में डालने जैसी कार्यवाही करे।

27. फर्म को जी.एस.टी का भुगतान वास्तविक आधार पर देय होगा। फर्म से अपेक्षा है कि वे निर्धारित दरें भरते समय इस बात का विशेष ध्यान रखें|
28. अनुबंध के हस्ताक्षर के उपरान्त दरों में किसी प्रकार का परिर्वतन संभव नहीं होगा।
29. विश्वविद्यालय को एक अथवा समस्त निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।
30. विश्वविद्यालय हित में कार्य सम्पादन को सुनिश्चित करवाने हेतु विश्वविद्यालय को अन्य शर्तें लागू करने का अधिकार है जो निविदादाताओं को मान्य होंगी।
31. वित्तीय निविदा पर निर्णय उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय हल्द्वानी द्वारा गठित समिति की संस्तुति पर माननीय कुलपति महोदय जी से प्राप्त अनुमोदन के आधार पर लिया जायेगा।
32. किसी भी विवाद या असहमति की स्थिति में दोनों पक्ष आम सहमति से विवादों के निपटारे का प्रयास करेगे। प्रयास असफल होने की स्थिति में दोनों पक्षकारों की सहमति से मध्यस्थ की नियुक्ति की जायेगी। मध्यस्थता के संदर्भ में मध्यस्थ और सुलह अधिनियम, 1996, 2012, 2013 (अधिनियम) के प्राविधान लागू होगे, मध्यस्थता की कार्यवाही हल्द्वानी में होगी। मध्यस्थ द्वारा पारित निर्णय अंतिम होगा और शामिल पक्षों पर बाध्यकारी होगा।

**कुलसचिव**
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय,
हल्द्वानी, जिला- नैनीताल।

On Rs. 100/- Non Judicial Stamp Paper

PROFORMA FOR

NON BLACKLISTING AFFIDAVIT

## *UNDERTAKING*

I / We do hereby declare that our firm is not black listed or debarred or prohibited by Government of Uttarakhand / Government of India or any State Government / Board / Universities, since inception of the firm / Company, and no enquiry is pending against my / our firm / Company and no criminal case is pending against the firm / Company.

I further undertake and understand that if above declaration proves to be wrong / incorrect or misleading, our tender / contract stands to be cancelled / terminated.

(Signature of Authorized Person)

Name and seal of the firm

Date :

# Technical Bid Format -1

## तकनीकी निविदा प्रपत्र

## अध्ययन सामग्रियों को प्रेषित करने हेतु सेवा प्रदाता फर्म का चयन संबधी निविदा वर्ष -2024-25

| क्र.सं. | विवरण | विवरण | | संलग्नक का (Serial Number) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | फर्म का नाम | | | |
| 2. | फर्म का पता | | | |
| 3. | निविदा प्रपत्र शुल्क राशि के रूप में रू. 2950 ( रू. दो हजार नौ सौ पचास मात्र)) जमा की राशि का प्रूफ अपलोड भी करें। | Transaction Number | | |
| | | Date of Transaction | | |
| | | Amount | **Rs. 2950.00** | |
| 4. | धरोहर राशि के रूप में रू. 80000 .00 ( रू.अस्सी हजार मात्र) जमा की राशि का प्रूफ अपलोड भी करें। | Transaction Number | | |
| | | Date of Transaction | | |
| | | Amount | **Rs. 80000.00** | |
| 5. | फर्म का स्टेटस संबंधी प्रमाण पत्र अपलोड करें। (फ्रेंचाइजी / सोल प्रोपराईटर / कम्पनी / पाटनरशिप फर्म आदि ) | | | |
| 6. | फर्म के पैन कार्ड की फोटोग्राफ अपलोड करें | | **Pan No-** | |
| 7. | फर्म के प्राधिकृत संपर्ककर्ता का नाम एवं मोबाईल नम्बर (Letter Head पर ) | | | |
| 8. | फर्म का फोन / मोबाईल नम्बर | | | |
| 9. | फर्म का ई-मेल | | | |
| 10. | फर्म का जी.एस.टी. पंजीकरण की स्व-प्रमाणित छायाप्रति अपलोड करें। | | GST No- | |
| 11. | फर्म का किसी भी शासकीय संस्थान द्वारा ब्लैकलिस्ट न | | | |

| क्र.सं. | विवरण | विवरण | | संलग्नक का (Serial Number) |
|---|---|---|---|---|
| | होने संबधी एफिडेविट /शपथ प्रत्र<br>अपलोड करें। | | | |
| 12. | फर्म के टर्नओवर (रू. साठ लाख से कम नहीं) संबंधी सी.ए. की ऑडिट रिपोर्ट की स्व-प्रमाणित छायाप्रति अपलोड करें। | Financial Year | Turn Over | |
| | | 2020-21 | | |
| | | 2021-22 | | |
| | | 2022-23 | | |
| 13. | इन्कम टैक्स रिर्टन फाइल करने संबधी प्रमाण पत्र की स्व-प्रमाणित छायाप्रति अपलोड करें | Assessment year 2021-22 | | |
| | | Assessment year 2022-23 | | |
| | | Assessment year 2023-24 | | |
| 14. | किसी सरकारी विभाग / शासकीय विश्वविद्यालय / शासकीय कॉलेज के साथ कार्य करने सम्बन्धी अनुभव की स्व-प्रमाणित प्रमाण-पत्र छायाप्रति अपलोड करें । (जैसे अध्ययन सामग्रियों को प्रेषित करने सम्बन्धी अनुभव प्रमाण-पत्र, कार्यादेश, चालान की प्रतियॉं, बीजक भुगतान की प्रतियॉं आदि से संबंधित दस्तावेजों की स्वप्रमाणित छायाप्रति अपलोड करें। ) | | | |

<u>नोट :</u>

- टेन्डर में फर्म से तात्पर्य फ्रेंचाइजी / सोल प्रापराइटर / कंपनी / फर्म / पॉटनरशिप फर्म / संस्थान से है।
- तकनिकी बिड में चाहे गये दस्तावेज एवं विश्वविद्यालय पेमेंट रसीद क्रमवार लगाकर अपलोड करने आवश्यक है अन्यथा निविदा पर विचार किया जाना सम्भव नहीं होगा।

# वित्तीय निविदा प्रपत्र

अध्ययन सामग्रियों को प्रेषित करने हेतु सेवा प्रदाता फर्म का चयन संबंधी निविदा
वर्ष -2024-25

| क्रम. संख्या | विवरण |
|---|---|
| फर्म का नाम | |
| फर्म के प्राधिकृत संपर्ककर्ता का नाम | |
| संपर्ककर्ता का फोन / मोबाईल नंबर | |
| मेल आईडी | |

## ➢दरों का विवरण प्रति पैंकिग निम्नानुसार तालिका से भरें।

| दरें / सेवा क्षेत्र | Up to 1.000 Kg Packing | 1. 001 to 5.000 kg Packing | 5.001 to 10.000 kg Packing | 10.001 to 20. 000 Kg Packing | 20. 001 to 50. 000 Kg Packing |
|---|---|---|---|---|---|
| उत्तराखण्ड के पर्वतीय जिले | | | | | |
| उत्तराखण्ड के मैदानी जिले | | | | | |
| क्षेत्रीय कार्यालय हल्द्वानी के 100 कि0मी0 के अन्तर्गत आने वाले मैदानी अध्ययन केन्द्र | | | | | |
| उत्तराखण्ड से बाहर अन्य प्रदेशों के जिले | | | | | |

➢ जी0एस0टी0 एवं अन्य कर अतिरिक्त देय होगा।

(फर्म प्राधिकृत के हस्ताक्षर)
मुहर